फर्द अहकाम

जगदीश बनाम जयसिंह व अन्य

...: 129 /2025

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
.06.2025	प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 का पेश किया। रिपोर्ट सरिस्ता तलब हो चुकी है। पत्रावली दर्ज रजिस्टर्ड की जाकर वकील प्रार्थी को प्रार्थना पत्र पर सुना गया। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए कथन किया कि प्रार्थी एंव अप्रार्थी संख्या 1 के मध्य आपसी सहमति से खसरा नम्बर 3916 स्थित ग्राम वाटिका तहसील सांगानेर जिला जयपुर के मध्य आपसी सहमति से दिनांक 17.06. 2015 को पटवारी की रिपोर्ट विभाजन अनुसार मौके पर सहमत है के आधार पर तहसीलदार तहसील सांगानेर ने दिनांक 17.06.2015 को आदेश दिया की यह बटवारानामा इकरारनामा सभी सम्बधित उभयपक्षकारनो मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत किया बंटवारानामा इकरारनामा पढकर सुनाया गया व समझाया गया सभी पक्षकार सहमत है भूमिधारी की हैसियत से मुझे इस विभाजन में कोई आपत्ति नही है। बंटवारानामा इकरारनामा के आधार पर राजस्व रिकार्ड में अमल किया जावे। जयसिंह पुत्र औकार जाति मीणा निवासी ग्राम वाटिका तहसील सांगानेर जिला जयपुर के पूर्ण हिस्से में आयी कृषि भूमि का विवरण जिसे सलग्न नक्शे मे बैगनी रंग से दर्शाया गया है वो वाके ग्राम का नाम वाटिका के खसरा न. 3916 मि. रकबा 0. 05 हैक्टेयर है तथा सलग्न नक्शे मे जिसे पिंक रंग से दर्शाया गया है वो वाके ग्राम का नाम वाटिका खसरा न. 3916 मि. रकबा 0.05 हैक्टेयर है। नकल नक्शा ट्रेस ग्राम वाटिका तहसील सागांनेर जिला जयपुर 17.06.2015 को तहसीलदार सांगानेर द्वारा प्रमाणित किया गया जिसमे खसरा नम्बर 3916 में रगं भरा गया है जिसमे पिंक रगं पर मौके पर जगदीश पुत्र ओंकार काबिज है जिसके नम्बर 3916 / 1 बने है। जो जमाबन्दी राजस्व रिकार्ड में जयसिंह पुत्र औकार के नाम हो गया जिसके राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी को दुरूस्त किया जाकर जगदीश पुत्र ओंकार के नाम अकिंत किया जावे तया खसरा नम्बर 3916 में रगं भरा गया है जिसमें बैगंनी रगं पर मौके पर जयसिंह पुत्र ओंकार काबिज है जिसके नम्बर 3916 बने है। जो जमाबन्दी राजस्व रिकार्ड में जगदीश पुत्र औकांर के नाम हो गया जिसके राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी को दुरूस्त किया जाकर जयसिंह पुत्र ओंकार के नाम अकिंत किया जावे। अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि वादग्रस्त कृषि भूमि खसरा नम्बर 3916 के मिन नम्बर 3916 / 1 रकबा 0.05 हैक्टेयर जगदीश पुत्र ओंकार मीणा के नाम राजस्व रिकार्ड में अकिंत किया जावे तथा खसरा नम्बर 3916 के मिन नम्बर / मूल नम्बर 3916 जयसिंह पुत्र औकार मीणा के नाम राजस्व रिकार्ड में अकिंत किये जाने के आदेश फरमावै। ....लगातार उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	